Signature of Invigilators

1. ..............................

2. ..............................

Roll No. [ ][ ][ ][ ][ ]

(In figures as in Admit Card)

# HINDI

## Paper II

Roll No. ..............................

..............................

(In words)

# D—0502

Name of the Areas/Section (if any) ..............................

Time Allowed : 75 Minutes] [Maximum Marks : 100

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of *fifty* **(50)** multiple choice type questions. *All* questions are compulsory.
3. Each item has upto four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). The answer should be a capital letter for the selected option. The answer letter 'A' should entirely be contained within the corresponding square.

   Correct method [A] Wrong Method A or A
4. Your responses to the items for this paper are to be indicated on the ICR Answer Sheet under paper II only
5. Read instructions given inside carefully.
6. One sheet is attached at the end of the booklet for rough work.
7. You should return the test booklet to the invigilator at the end of paper and should not carry any paper with you outside the examination hall.

**પરીક્ષાર્થીઓ માટે સૂચનાઓ :**

૧. આ પૃષ્ઠના ઉપલા ભાગે આપેલી જગ્યામાં તમારી ક્રમાંક સંખ્યા (રોલ નંબર) લખો.

૨. આ પ્રશ્નપત્રમાં **૫૦ (પચાસ)** બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરોવાળા પ્રશ્નો છે. **બધા જ** પ્રશ્નોના ઉત્તરો આપવા ફરજિયાત છે.

૩ પ્રત્યેક વિગતના (A), (B), (C) અને (D) એવા ચાર સંભવિત ઉત્તરો આપવામાં આવ્યા છે. તમે સ્વીકારેલા વિકલ્પનો ઉત્તર કેપિટલ (પહેલી એબીસીડી) અક્ષરમાં આપવાનો રહેશે.તમારા ઉત્તર આપેલા ચોરસમાં સરખી રીતે લખવા.

   સાચી પદ્ધતિ : [A] ખોટી પદ્ધતિ : A , A

૪. આ પ્રશ્નપત્રના ઉત્તરો આઈસીઆરના ઉત્તરપત્રકમાં Paper II ની નીચે લખવાના રહેશે.

૫. અંદર આપેલી સૂચનાઓ ધ્યાનથી વાંચો.

૬. આ ઉત્તરપોથીને અંતે આપેલું પૃષ્ઠ કાચા કામ માટે છે.

૭. પ્રશ્નપત્ર લખાઈ રહે એટલે આ ઉત્તરપોથી તમારા નિરીક્ષકને આપી દેવી. પરીક્ષાખંડની બહાર કોઈપણ પ્રશ્નપત્ર લઈ જવું નહીં.

SEAL

# HINDI

## हिन्दी

## Paper—II

## प्रश्न-पत्र—II

**नोट** :— इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. 'मालगाड़ी' किस प्रकार का शब्द है ?

   (A) तद्भव (B) देशज

   (C) संकर (D) विदेशी

2. हिन्दी साहित्य का प्रथम इतिहास किसने लिखा ?

   (A) जार्ज ग्रियर्सन (B) रामचंद्र शुक्ल

   (C) गार्सां द तासी (D) शिवसिंह सेंगर

3. 'खालिकबारी' ग्रंथ के रचयिता कौन हैं ?

   (A) रहीम (B) खुसरो

   (C) रसखान (D) अद्दहमान

4. 'केशव कहि न जाय का कहिए' किसकी रची हुई पंक्ति है ?

   (A) तुलसीदास (B) विद्यापति

   (C) केशवदास (D) सूरदास

5. संतकवियों में सर्वाधिक पढ़े-लिखे कौन थे ?

   (A) मलूकदास (B) सुंदरदास

   (C) रैदास (D) दादूदयाल

6. 'अष्टछाप' की स्थापना किसने की थी ?

   (A) वल्लभाचार्य (B) विठ्ठलनाथ

   (C) नाभादास (D) सूरदास

7. 'विनयपत्रिका' की भाषा कौन-सी है ?

(A) ब्रज
(B) अवधी
(C) मैथिली
(D) सधुक्कड़ी

8. 'साहित्यलहरी' का रचनाकार कौन है ?

(A) तुलसीदास
(B) सूरदास
(C) केशवदास
(D) नंददास

9. 'रामचरितमानस' के सुपरिचित विदेशी अध्येता कौन हैं ?

(A) मैकग्रेगर
(B) कामिल बुल्के
(C) पादरी एथरिंगटन
(D) जोशुआ केटलर

10. 'अखरावट' के रचयिता कौन हैं ?

(A) मंझन
(B) उसमान
(C) शेखनबी
(D) जायसी

11. 'मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं'

उपर्युक्त उक्ति किसकी है ?

(A) देव
(B) पद्माकर
(C) घनानंद
(D) सेनापति

12. 'प्रेमवाटिका' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) आलम
(B) बोधा
(C) ठाकुर
(D) रसखान

13. कालक्रमानुसार इनमें से पहली कहानी कौन-सी है ?

(A) दुलाईवाली
(B) उसने कहा था
(C) दो बाँके
(D) बड़े घर की बेटी

14. 'मृगनयनी' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(A) भगवतीचरण वर्मा
(B) चतुरसेन शास्त्री
(C) वृंदावनलाल वर्मा
(D) विष्णु प्रभाकर

15. इनमें से कौन-सी भारतेन्दु युग की पत्रिका **नहीं** है ?

(A) कविवचन सुधा (B) आनंदकादंबिनी

(C) ब्राह्मण (D) श्री शारदा

16. कामायनी में सर्गों की संख्या कितनी है ?

(A) 13 (B) 15

(C) 16 (D) 17

17. 'खुल गए छंद के बंध' किस कवि की उक्ति है ?

(A) प्रसाद (B) पंत

(C) महादेवी (D) निराला

18. हिंदी की प्रथम कहानी लेखिका कौन है ?

(A) बंग महिला (B) आशापूर्णा देवी

(C) महाश्वेता देवी (D) होमवती देवी

19. 'सरस्वती' पत्रिका के प्रथम संपादक कौन थे ?

(A) श्रीनारायण चतुर्वेदी (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) महावीरप्रसाद द्विवेदी (D) श्यामसुन्दर दास

20. इनमें से किस कवि को ज्ञानपीठ पुरस्कार **नहीं** मिला है ?

(A) महादेवी वर्मा (B) जयशंकर प्रसाद

(C) दिनकर (D) नरेश मेहता

21. 'राजा निरबंसिया' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) राजेन्द्र यादव (B) कमलेश्वर

(C) मोहन राकेश (D) मन्नू भंडारी

22. 'गोदान' में गोबर और झुनिया को नगर में आश्रय देने वाली स्त्री का नाम क्या है ?

(A) दुलारी (B) नोहरी

(C) चुहिया (D) बुधिया

23. 'आषाढ़ का एक दिन' का केंद्रीय पात्र कौन है ?

(A) बाण
(B) भवभूति
(C) कालिदास
(D) श्रीहर्ष

24. जयशंकर प्रसाद ने किस पत्रिका का संपादन किया ?

(A) माधुरी
(B) इंदु
(C) समन्वय
(D) आनंदकादंबिनी

25. 'सारा आकाश तुम्हारा है' पंक्ति में किस लेखक के उपन्यास का शीर्षक है ?

(A) मोहन राकेश
(B) मन्नू भंडारी
(C) राजेंद्र यादव
(D) कमलेश्वर

26. 'ग्राम्या' किसकी रचना है ?

(A) पंत
(B) निराला
(C) प्रसाद
(D) महादेवी

27. 'उर्वशी चम्पू' के लेखक कौन हैं ?

(A) दिनकर
(B) प्रसाद
(C) निराला
(D) रवीन्द्रनाथ

28. इनमें से कौन अष्टछाप में शामिल **नहीं** है ?

(A) सूरदास
(B) नंददास
(C) रूपगोस्वामी
(D) छीतस्वामी

29. निम्नलिखित में से किस उपन्यास का संबंध स्वाधीनता आंदोलन से **नहीं** है ?

(A) कर्मभूमि
(B) झूठासच
(C) तमस
(D) उन्माद

30. 'वारेन हेस्टिंग्स का सांड़' किसकी रचना है ?

(A) स्वयंप्रकाश (B) उदयप्रकाश

(C) जयप्रकाश (D) अरुणप्रकाश

31. 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से निम्नलिखित में से कौन जाना जाता है ?

(A) गणेशशंकर विद्यार्थी (B) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'

(C) माखनलाल चतुर्वेदी (D) जगदम्बाप्रसाद मिश्र

32. 'कामायनी' में मूर्त्त-अमूर्त्त कुल कितने स्त्री-पुरुष पात्र हैं ?

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 8

33. 'बुद्धचरित' के नाम से 'लाइट ऑफ एशिया' के अनुवादक कौन हैं ?

(A) श्रीधर पाठक (B) भारतेंदु हरिश्चन्द

(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) हरिवंशराय बच्चन

34. 'संतन को कहा सीकरी सों काम' किसकी उक्ति है ?

(A) बाबा नागरीदास (B) गोस्वामी तुलसीदास

(C) कुंभनदास (D) धर्मदास

35. 'कठिन काव्य के प्रेत' के नाम से किसकी ख्याति है ?

(A) आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री (B) गजानन माधव मुक्तिबोध

(C) आचार्य केशवदास (D) पद्मनारायण आचार्य

36. निम्नलिखित में से कौन प्रसाद की कहानियों की प्रसिद्ध नायिका **नहीं** है ?

(A) चम्पा (B) मधूलिका

(C) ममता (D) महाश्वेता

37. 'आवारा मसीहा' किस भारतीय लेखक की जीवनी है ?

(A) बंकिमचन्द्र
(B) निराला
(C) शरत्चन्द्र
(D) नागार्जुन

38. 'कामायनी' को 'मानवता का रसात्मक काव्य' किसने कहा ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) नलिनविलोचन शर्मा

39. इनमें से कौन स्त्रीविमर्श का उपन्यास **नहीं** है ?

(A) चाक
(B) छिन्नमस्ता
(C) आँवाँ
(D) निरुपमा

40. रामानुजाचार्य निम्नलिखित में से किस दर्शन के प्रतिपादक हैं ?

(A) अद्वैत
(B) विशिष्टाद्वैत
(C) शुद्धाद्वैत
(D) द्वैताद्वैत

41. साधारणीकरण सिद्धांत के प्रवर्तक कौन थे ?

(A) अभिनवगुप्त
(B) भट्टनायक
(C) मम्मट
(D) भामह

42. 'कनक कनक तैं सौ गुनी मादकता अधिकाय' में कौन-सा अलंकार है ?

(A) श्लेष
(B) अत्युक्ति
(C) यमक
(D) उदाहरण

43. निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत किसने प्रस्तुत किया ?

(A) टी. एस. इलियट
(B) क्रोचे
(C) कोलरिज
(D) रिचर्ड्स

44. निम्नलिखित में से किसने 'स्वांत: सुखाय' रचना की बात कही है ?

(A) सूरदास (B) कबीरदास

(C) तुलसीदास (D) केशवदास

45. निम्नलिखित में से किसने 'चेतना के उज्ज्वल वरदान' के रूप में सौंदर्य की परिभाषा दी है ?

(A) प्रसाद (B) निराला

(C) पंत (D) महादेवी

46. अंग्रेजों ने फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना भारत के किस नगर में की थी ?

(A) दिल्ली (B) आगरा

(C) कलकत्ता (D) प्रयाग

47. किस काव्यांदोलन का नाम अपने प्रवर्तकों के नाम के पहले अक्षरों को मिलाकर रखा गया है ?

(A) प्रयोगवाद (B) छायावाद

(C) प्रगतिवाद (D) नकेनवाद

48. 'उद्धवशतक' किस काल की रचना है ?

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिककाल

49. इनमें से किस कवि ने लक्षण ग्रंथ **नहीं** लिखा ?

(A) बिहारी (B) पद्माकर

(C) भूषण (D) मतिराम

50. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है ?

(A) 'विपात्र' मुक्तिबोध का उपन्यास है ।

(B) 'विपात्र' अज्ञेय की कहानी है ।

(C) 'विपात्र' विजयदेव नारायण साही की कविता है ।

(D) 'विपात्र' जगदीश गुप्त का खंडकाव्य है ।

## ROUGH WORK

## ROUGH WORK

SEAL